आज दिनांक–28.10.022 (शनिवार) को अपराह्न 01:00 बजे स्थानीय प्रबंधन समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति की 23वीं बैठक की कार्यवाही निम्नवत है :–

1. उपस्थिति :– बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित हुए :–

क्र.सं.	नाम	स्थानीय प्रबंधन समिति में धारित पद	उपस्थिति
1	डॉ0 संतोष कुमार सिंह, प्राचार्य नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट	अध्यक्ष	उपस्थित
2	श्री विंध्याचल पाण्डेय, सह–शिक्षक, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट	सदस्य	उपस्थित
3	डॉ0 प्रसाद पासवान, सह–शिक्षक, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट	सदस्य	उपस्थित
4.	श्री रौशन कुमार बक्शी, प्र0 पदा0, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट	सदस्य	उपस्थित

01) बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को प्राचार्य द्वारा बताया गया कि विद्यालय स्थापना दिवस, 15 नवम्बर, 2022 के सभी नाट्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यालय प्रेक्षागृह में कराये जाने की योजना है। प्राचार्य द्वारा बताया गया कि प्रेक्षागृह में कार्यक्रम होने से विद्यालय प्रेक्षागृह में लगे ऑपरेटिंग साउण्ड एवं लाईट सिस्टम के संचालन हेतु संबंधित विशेषज्ञों को बुलाया जाना आवश्यक है। प्राचार्य द्वारा यह भी बताया गया कि कोरोना काल के पूर्व वर्ष में M/s DHARMAGA Enterprises, Kolkata द्वारा विद्यालय प्रेक्षागृह में लाईट एवं साउण्ड सिस्टम का संचालन किया गया था। इस वर्ष भी संबंधित एजेंसी ने चार दिनों के संचालन के लिए कुल रू. 59,000/– (उनसठ हजार मात्र) GST सहित का कोटेशन विद्यालय को दिया गया है; संबंधित एजेन्सी ने अग्रिम राशि की मांग की है। इस पर सभी सदस्यों का अभिमत रहा कि तत्काल 50,000.00 (पचास हजार रूपया) अग्रिम राशि का भुगतान विद्यालय अतिथिगृह मद से एजेन्सी को करा दिया जाय; कार्य के उपरांत एजेन्सी से अभिश्रव प्राप्त कर राशि का समायोजन संबंधित मद से प्राचार्य करा लेंगे।

02) प्राचार्य द्वारा सदस्यों को बताया गया कि विद्यालय दिवस में विद्यालय परिवार एवं नोबा बन्धुओं के रात्रि भोजन का आयोजन पूर्व में विद्यालय परिसर में किया जाता रहा है। अतएव, अगर इस वर्ष इस प्रकार का आयोजन किये जाने का प्रस्ताव होगा तो विद्यालय प्रशासन संबंधित विषयक अग्रेत्तर कार्रवाई करेगी। सदस्यों का मंतव्य रहा कि चूँकि विद्यालय दिवस पर सभी आश्रमों में छात्रों एवं आश्रमाध्यक्षों के लिए विशेष भोजन का आयोजन होता ही है। वर्तमान में कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति सत्र में नहीं है। अतएव, रात्रि भोजनादि व्यवस्था को इस वर्ष स्थगित किया जा सकता है। विचार–विमर्श के उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नोबा एवं अतिथियों के रात्रि भोजन व्यवस्था को इस वर्ष स्थगित किया जाय।

28/10/22   28/x/22   28/10/22   28/10/22

03) झारखण्ड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक के कार्यालय पत्रांक–MKTG :2022–23/3767, दिनांक–28.10.2022 के अनुपालनार्थ गाय के दूध आपूर्ति मूल्य में प्रति लीटर 3.50/– तथा मेधा दूध के मूल्य में 02/– प्रति लीटर मूल्य वृद्धि की स्वीकृति सर्वसम्मति से प्रदान की गई।

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

28/X/22
(रौशन कु0 बक्शी)
सदस्य, स्थानीय प्रबंधन समिति

28/10/22
(डॉ0 प्रसाद पासवान)
सदस्य स्थानीय प्रबंधन समिति

28/10/22
(विंध्याचल पाण्डेय)
सदस्य, स्थानीय प्रबंधन समिति

Singh 28/10/22
(डॉ0 संतोष कुमार सिंह)
अध्यक्ष
स्थानीय प्रबंधन समिति